# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, झुंझुनू
## PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA, JHUNJHUNU

Churu By Pass Road, Jhunjhunu , Rajasthan-333001
Tel./Fax : 01592-232973, website: www.jhunjhunu.kvs.ac.in
e-mail - kvsjjn@gmail.com CBSE Aff. No – 1700029 School no. – 14159


फ़ा. क्र. : एफ. /के .वि.झुं /2025-26/ Condemnation / 143 दिनांक : 01.07.2025

## नीलामी सूचना

सभी को सूचित किया जाता है कि पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय झुंझुनूं में कम्प्यूटर, फर्नीचर, भोतिकी, रसायन,SUPW, ऑडियो विजुअल ऐड, संगीत एवं खेल इत्यादि विभागों में e-Waste एवं अन्य अनुपयोगी सामान घोपित किया गया है और इन्हें जहाँ और जैसी है स्थिति में सार्वजनिक नीलामी बिक्री के माध्यम से बेचा जाना है नीलामी प्रक्रिया दिनांक 05-07-2025 को विद्यालय में प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जाएगी, जिसमे इच्छुक व्यक्ति / क्रय-विक्रय समिति / ई-वेस्ट फर्म विद्यालय में नीलामी स्थल पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकते हैं नीलामी के लिए रखी गई वस्तुओं का निरीक्षण करने हेतु आप विद्यालय परिसर में नीलामी वाले दिन दिनांक 05-07-2025 को प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे के मध्य उपस्थित हो सकते है | सफल बोलीदाताओ को कार्यालय में बोली राशि तुरंत जमा करनी होगी और उपर्युक्त निस्तारित सामान को तुरंत अपनी लागत पर उठाना होगा | केंद्रीय विद्यालय संगठन के किसी भी कर्मचारी या उनके परिवार के सदस्य को इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी |

<u>नीलामी के लिए नियम और शर्ते</u>

1. e-Waste वस्तुओं हेतु केवल **Authorised e-Waste Recycler/Dismantler/Re-furbisher** फर्म ही बोली लगा सकती है |
2. नीलामी के दौरान यह मान जाएगा कि सामान को आपने देख लिया है |
3. बोली लगाने वाले को बोली में भाग लेने से पहले 1,000/- रुपये की धरोहर राशि जमा करनी होगी जो नीलामी के बाद असफल बोलीदाताओं को वापस कर दी जाएगी | बोली लगाने वाले को अपना व्यक्तिगत पहचान पत्र या फर्म का पहचान पत्र लाना अनिवार्य है ।
4. समिति द्वारा स्वीकार्य उच्चतम बोली की राशि को मौके पर ही जमा करना होगा, जिसमें धरोहर / सुरक्षा राशि समायोजित कर दी जाएगी | नीलामी की गई सामग्री सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान करने के तुरंत बाद उठानी होगी, स्वीकृति के समय बोली की 100% राशि जमा करने में विफलता के मामले में उच्चतम बोली लगाने वाले द्वारा जमा गई धरोहर राशि को जब्त कर लिया जायेगा और वस्तुओं को दूसरी उच्चतम बोली लगाने वाले को बेच दिया जायेगा ।
5. अन्य नियम और शर्ते यदि कोई है, समिति द्वारा नीलामी प्रारम्भ होने से पहले घोषित कर दी जाएगी |
6. विद्यालय के नीलामी योग्य e-Waste वस्तुओं एवं अन्य सभी वस्तुओं को नीलामी के लिए पृथक स्थान पर रखा जाएगा |
7. किसी सामान का उचित मूल्य नहीं मिलने पर विद्यालय समिति को अधिकार होगा कि वह उसे नीलाम करने से रोक ले |
8. समिति बिना किसी भी कारण को बताये किसी भी बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती हैं |

01/07/25
प्राचार्य

प्राचार्य/Principal
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, झुंझुनूं
PM Shri Kendriya Vidyalaya, Jhunjhunu-3330..

प्रतिलिपि :

1. विद्यालय सूचना पट्ट |
2. विद्यालय वेबसाईट : https://jhunjhunu.kvs.ac.in/
3. श्रीमान अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय झुंझुनूं |
4. श्रीमान उपायुक्त महोदय, केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर |
5. श्रीमान प्राचार्य, समस्त केन्द्रीय विद्यालय, जयपुर संभाग |